संख्या-11/2019/648/तीस-3-19-10बी/2018

प्रेषक,

विनोद कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ:दिनॉक 07 मार्च, 2019

विषय :- सम्भागीय परिवहन कार्यालय, कानपुर के भवन निर्माण हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर से भूमि के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में पूंजीगत पक्ष में प्रावधानित धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1312ए/2018-96ए/2013, दिनॉक 20-07-2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्भागीय परिवहन कार्यालय कानपुर के भवन निर्माण हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर से भूमि के क्रय हेतु पूंजीगत पक्ष में प्रावधानित धनराशि रू0 2179.50/- (रू0 इक्कीस करोड़ उन्यासी लाख पचास हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर निम्नलिखित शर्तों और प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) भूमि की दरें एवं तत्क्रम में मूल्य का वेलिडेशन जिला अधिकारी/विकास प्राधिकरण आदि सक्षम स्तर से कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) उक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि को व्यय करने से पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनॉक 30-03-2018 में निहित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत पूंजीगत पक्ष में लेखाशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय

2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-19-सम्भागीय परिवहन कार्यालय, कानपुर में भूमि का व्यय/भवन निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अ०शासकीय पत्र संख्या-561/दस-2019, दिनांक 06 मार्च, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
ह०/-
(विनोद कुमार)
उप सचिव।

<u>संख्या-11/2019/648(1)/30-3-2019, तद्दिनॉक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ।
5- सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), कानपुर।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
8- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह०/-
(विनोद कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in